an>

Title: Need to increase funds for Indira Awas Yojana.

श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। सरकार की महत्वपूर्ण योजना, इंदिरा आवास योजना में गरीबों को आवास मिलता है। इस महंगाई के जमाने में मात्र 70,000 रुपए मिलते हैं जिसमें 20 वर्ग मीटर आवास बनना मुश्किल है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि इस राशि को 70,000 रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए किया जाए जाए क्योंकि जिस तरह से चयन प्रक्रिया होती है, इसमें लाभार्थी से कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के रूप में 10,000-15,000 रुपए लिए जाते हैं और लाभार्थी का चयन स्थानीय सांसद की सिफारिश पर जिला प्रशासन द्वारा पुनः सर्वे कराना चाहिए एवं आवास आवंटन में सांसदों का कोटा होना चाहिए।

मेरा दूसरा विषय भी है।

HON. CHAIRPERSON: Only one matter can be raised by an hon. Member during 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Mukesh Rajput.